an>

Title: Need to restore Old Pension Scheme -laid.

श्री राम शिरोमणी वर्मा (श्रावस्ती): सरकारी नौकरियों में 1 जनवरी 2004 से तथा उत्तर प्रदेश सरकार की नौकरियों में 1 अप्रैल 2005 से पुरानी पेंशन व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है और इसके स्थान पर शेयर बाजार आधारित जोखिमों के अधीन नई पेंशन प्रणाली लागू कर दी गई है। जिस कारण देश के करीब तीन करोड़ पचास लाख लोग सीधे प्रभावित हो रहे हैं। जिससे शिक्षकों, कर्मचारियों व अधिकारियों में भारी रोष व्याप्त है और पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली को लेकर देश के विभिन्न राज्यों में आंदोलनरत हैं। कोरोना रूपी वैश्विक महामारी के दौरान शिक्षक, कर्मचारी व अधिकारियों ने अपनी जान की परवाह ना करते हुए पूर्ण लगन से मानवता की सेवा की है।

अतः मेरी सरकार से मांग है कि निजीकरण को रोकने व देश के करोड़ों शिक्षकों, कर्मचारियों व अधिकारियों की सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा हेतु उनके बुढ़ापे की लाठी पुरानी पेंशन व्यवस्था को पुनः बहाल करने की कृपा करें।